# श्रीदेवी के रोल में नजर आएंगी प्रिया प्रकाश वारियर

स्कूल ड्रेस में अपनी आंखों की अदाओं से देशभर के लोगों को अपना दीवाना बनाने वाली प्रिया प्रकाश वारियर इन दिनों फिर से सुर्खियों में हैं। दरअसल प्रिया इन दिनों एक हिंदी फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। फिल्म का नाम है श्रीदेवी बंगलो, फिल्म में प्रिया एक सुपरस्टार अभिनेत्री श्रीदेवी की कहानी को परदे पर जी रही हैं। पिछले दिनों वह फिल्म का कुछ हिस्सा लंदन में शूट कर भारत लौटी हैं। इस फिल्म के निर्देशक प्रशांत माम्बुली हैं।

रविवार की शाम मुंबई में फिल्म का टीजर लॉन्च किया गया। फिल्म का टीजर देखकर पता चलता है कि श्रीदेवी नाम की सुपरस्टार की मौत बॉथटब में हो जाती है। फिल्म में प्रिया के अलावा अभिनेता प्रियांशु चटर्जी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीजर लॉन्च के मौके पर प्रिय प्रकाश वारियर ने खुलकर बातचीत की।

आपकी फिल्म का नाम श्रीदेवी बंगलो है। क्या यह फिल्म बॉलिवुड अभिनेत्री श्रीदेवी की कहानी है, आपकी फिल्म का टीजर भी यही इशारा करता है?

प्रिया कहती हैं, यह फिल्म श्रीदेवी पर बेस्ड है या नहीं, यह आप लोग फिल्म देखने के बाद तय करें। मैं फिल्म में एक लेडी सुपरस्टार, जिनका नाम श्रीदेवी है, उनकी भूमिका निभा रही हूं। मेरी पहली फिल्म ओरु अडार लव एक मलयालम भाषा में बनीं फिल्म है, यह फिल्म अगले महीने 14 फरवरी को चार भाषाओं मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नडा में एक साथ रिलीज़ होगी। किसी मलयालम फिल्म के साथ ऐसा पहली बार होने वाला है, जो एक साथ चार भाषाओं में रिलीज़ होगी।

आजकल हर फिल्म में विवाद होता है और आपकी फिल्म तो श्रीदेवी की कहानी से प्रेरित लगती है। अगर श्रीदेवी के परिवार से किसी ने आपत्ति जताई तो क्या करेंगे?

प्रिया और प्रियांशु कहते हैं, देखिए यह सवाल फिल्म के निर्देशक और निर्माता से पूछिए। हमारा काम तो फिल्म में ऐक्टिंग करना था, वह हम कर रहे हैं।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की फैन हूं

प्रिया आगे कहती हैं, इस फिल्म के लिए फिल्म के निर्देशक ने मुझपर बहुत विश्वास जताया है, उन्होंने फिल्म में कई शानदार सीन शूट किए हैं। मेरा किरदार बहुत ही बबली, बेबाक और बोल्ड लड़की का है। मैं बॉलिवुड की बहुत सारी फिल्में देखती हूं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह मेरे सबसे फेवरेट ऐक्टर हैं। विकी कौशल बहुत ही स्वीट हैं, उन्होंने मुझे अपनी फिल्म उरी की स्क्रीनिंग में बुलाया और मेरी वहां पर बहुत सारे ऐक्टर्स से मुलाकात हुई और बहुत सारी बातचीत भी हुई। सभी लोगों ने मेरा बहुत ही ज्यादा स्वागत किया।



पिछले दिनों सस्द्धझश्श के तहत कई ऐक्ट्रेस ने अपने साथ हुए शोषण की कहानी शेयर की। अब आप बॉलिवुड में कदम रख रही हैं। कोई डर या झिझक है आपको?

प्रिया कहती हैं, मुझे यह समझ नहीं आ रहा कि मैं आपके इस सवाल का उत्तर कैसे दूं, लेकिन हां जब भी कोई फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखता है, तो एक अलग तरह की टेंशन होती जरूर है। मैं बहुत यंग ऐज से ही ऐक्ट्रेस बनना चाहती थी, इसलिए मुझे अपने इस सपने को पूरा ही करना था।

बिना किसी घोषणा के बॉलिवुड की फिल्म में आना कैसे हुआ?

प्रिया कहती हैं, हिंदी फिल्म में काम करना प्लान नहीं किया था। मेरे पास जब डायरेक्टर यह कहानी लेकर आए तो मुझे कहानी पसंद आई और यह हिरोइन ऑरिएंटड फिल्म थी, बॉलिवुड में ऐसी शुरुआत को मैंने अच्छा समझ कर इस फिल्म को साइन कर लिया।

मौका मिलता तो सिंबा में आंख मारे वाला डांस मैं खुद करती

प्रिया बताती हैं, बॉलिवुड में अगर मुझे हालिया रिलीज़ किसी फिल्म में काम करने का मौका मिलता तो मैं रोहित शेट्टी की फिल्म सिंबा का पार्ट होना चाहती और लड़की आंख मारे वाले गाने पर जमकर डांस करती। वैसे सिंबा को लेकर बहुत सारी अफवाहें थीं कि सिंबा में, मैं काम कर रही हूं, काश यह सच होता। मैं रणवीर से मिली और उनको बताया कि मैं उनकी बहुत बड़ी फैन हूं और उन्होंने कहा कि उन्हें मेरा आंख मारने का स्टाइल बहुत पसंद है।

रणवीर सिंह से मुलाकात के बारे में प्रिया ने कहा, रणवीर सिंह से मिलाने के लिए मैं विकी कौशल का धन्यवाद कहूंगी। पहले से बिल्कुल भी यह उम्मीद नहीं थी कि रणवीर आएंगे, वह अचानक ही आ गए। उनको देकर मैं एकदम फ्रिज हो गई थी।

# 'इंडियन 2' को एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देख रही हैं काजल अग्रवाल

फिल्म निर्माता एस. शंकर ने पोंगल के मौके पर अपनी अगली फिल्म 'इंडियन 2' की पहली झलक जारी की, जिसमें अभिनेता-राजनीतिज्ञ कमल हासन भी प्रमुख भूमिका में हैं।

शंकर ने एक ट्वीट के माध्यम से पोस्टर साझा किया और सभी को पोंगल की शुभकामनाएं दीं।

पोस्टर के माध्यम से, यह पता चला है कि फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से शुरू होगी।

वर्ष 1994 की तमिल फिल्म 'इंडियन' के सीक्वल में काजल अग्रवाल प्रमुख भूमिका में हैं।

काजल ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि वह 'इंडियन 2' को करियर के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखती हैं।

उन्होंने कहा, ''मैं इस परियोजना का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। मैं अपनी भूमिका और कौशल को लेकर बहुत उत्साहित हूं, जिससे मुझे सीखने का मौका मिलेगा। मैं 'इंडियन 2' को अपने करियर के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देख रही हूं।''

'इंडियन 2' का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। फिल्म के बाकी कलाकारों और क्रू का खुलासा होना बाकी

## सुशांत ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे को लेकर कही यह बात

फिल्म केदारनाथ को दर्शकों का मिलाजुला रिस्पॉन्स मिला था। अब एक महीने बाद ही इस फिल्म के लीड हीरो सुशांत सिंह राजपूत की एक और मूवी रिलीज के लिए तैयार है। उनकी अपकमिंग फिल्म सोन चिरैया का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। सुशांत के पास अभी करीब 12 फिल्मों के ऑफर हैं, जिस कारण उनका शेड्यूल बिजी है। वहीं उनकी एक्स गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे भी इस महीने बॉलिवुड में डेब्यू करेंगी, जिस पर ऐक्टर ने कॉमेंट भी किया। सुशांत सिंह राजपूत ने अंकिता लोखंडे के फिल्म मणिकर्णिका: द चीन ऑफ झांसी से डेब्यू करने के सवाल का जवाब देते हुए उनकी तारीफ की। ऐक्टर ने कहा, फिल्म अच्छी दिख रही है। मैं अंकिता को लंबे समय से जानता हूं, वह एक बेहतरीन ऐक्ट्रेस है। मैं उम्मीद करता हूं कि फिल्म में उनके और सभी कलाकारों के टैलेंट के साथ न्याय होगा। सुशांत की फिल्म सोन चिरैया 21 जनवरी को रिलीज होने वाली है। वहीं ड्राइव, चंदा मामा दूर के जैसी कई फिल्मों पर काम चल रहा है। ऐक्टर ने बताया, मेरी अभी 12 फिल्मों को लेकर बातचीत चल रही है। इनमें से दो अभी पाइपलाइन में है। मुझे नहीं पता इनमें से कौन सी फिल्म की शूटिंग पहले शुरू होगी। यह मुझ पर निर्भर करता है कि मैं कौन सी फिल्म की शूटिंग शुरू करूं। ऐसी कोई फिल्म नहीं जो मैं करना चाहता हूं लेकिन नहीं कर पा रहा हूं।

बता दें कि, फिल्म सोन चिरैया चंबल के डाकुओं की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में अपने किरदार के लिए सुशांत सिंह राजपूत ने बुंदेली भाषा सीखी है, ताकि वह अपने किरदार को और अच्छे से निभा सकें। इस फिल्म में उनके साथ भूमि पेडनेकर, मनोज वाजपायी, रणवीर शोरे जैसे कई कलाकार हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

